www.sansco.net --- --- & --- --- www.reportjunction.com

वार्षिक रिपोर्ट

2008-09

विजया बैंक

(भारत सरकार का उपक्रम)

आपका भरोसेमंद साथी

VIJAYA BANK

(A GOVT. OF INDIA UNDERTAKING)

A friend you can bank upon

अधिक लाभ

Profitability powered by cost

www.reportjunction.com

www.sunsea.net ---- --- & --- --- www.reportjunction.com

निदेशक मंडल

Board of Directors



श्री आल्बर्ट तावरो
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Sri Albert Tauro
Chairman & Managing Director



श्री एस. सी. कालिया
कार्यकारी निदेशक
Sri S. C. Kalia
Executive Director



श्री जी. बी. सिंह
Sri G. B. Singh



श्री के. वेंकटप्पा
Sri K. Venkatappa

श्री पी. शांताराम शेट्टी
Sri P. Shantharam Shetty



श्री रंजन शेट्टी
Sri Ranjan Shetty



श्री ब्रज मोहन शर्मा
Sri Brij Mohan Sharma



श्री निशांक कुमार जैन
Sri Nishank Kumar Jain



श्री श्रीधर चेरूकुरी
Sri Sridhar Cherukuri



श्री बी. इब्राहिम
Sri B. Ibrahim

श्री अशोक कुमार. आई. ए. एस.(से. नि.)
Sri Ashok Kumar I.A.S. (Retd)



श्री अशोक कुमार शेट्टी
Sri Ashok Kumar Shetty

श्री एस. अनंतन
Sri S. Ananthan

www.reportjunction.com

www.sansco.net & www.reportjunction.com

विषय-वस्तु	पृष्ठ सं	CONTENTS	Page No.
निष्पादन वैशिष्ट्य 2008-09	2	Performance Highlights 2008-09	88
प्रगति की एक झलक	3	Performance at a Glance	89
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से	4	From the Chairman & Managing Director	90
सूचना व टिप्पणियां	6	Notice & Notes	92
निदेशकों की रिपोर्ट	9	Directors' Report	95
कंपनी शासन पर निदेशकों की रिपोर्ट	21	Report of the Board of Directors on Corporate Governance	106
कंपनी शासन पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण पत्र	43	Auditors' Certificate on Corporate Governance	127
तुलन पत्र व लाभ व हानि लेखा	44	Balance Sheet and Profit & Loss Account	128
तुलन पत्र व लाभ व हानि लेखा के साथ संलग्न अनुसूचियां	46	Schedules to Balance Sheet and Profit & Loss Account	130
महत्वपूर्ण लेखा नीतियां 2008-09	54	Significant Accounting Policies 2008-09	138
लेखों पर टिप्पणियां	58	Notes on Accounts	142
नकदी प्रवाह विवरण	72	Cash Flow Statement	156
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	74	Report of the Auditors	158
बेसल II (स्तंभ 3) प्रकटीकरण	76	Basel II (Pillar3) Disclosures	160
ईसीएस प्रारूप	171	ECS Format	172
प्रॉक्सी फार्म	173	Proxy Form	174

लेखापरीक्षक AUDITORS	पंजीयक व शेयर अंतरण एजेंट REGISTRAR & SHARE TRANSFER AGENT
मेसर्स अय्यर एंड कं M/s. AIYAR & CO. मेसर्स कुप्पुस्वामी पीएसजी एंड कं M/s. M.KUPPUSWAMY PSG & CO. मेसर्स थॉमस एंड कं M/s. M.THOMAS & CO. मेसर्स खन्ना एंड कं M/s. V.KHANNA & CO. मेसर्स शिरोमणि त्यागी एंड कं M/s. SHIROMANY TYAGI & CO. मेसर्स आर. बंसल एंड कं M/s. R. BANSAL & CO.	**मेसर्स लिंक इनटाईम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** **M/s Link Intime India Private Limited** **(यूनिट विजया बैंक Unit: Vijaya Bank)** **सी -13 पन्नालाल सिल्क मिल्स कांपउड** **C-13, Pannalal Silk Mills Compound,** **एलबीएस रोड, भंडुप (पश्चिम),** **L.B.S.Road, Bhandup (West)** **मुंबई - 400 078 MUMBAI - 400 078** फोन : 022-25963838 फैक्स : 022-25946969 Tel: (022) 25963838 Fax: (022) 25946969 ईमेल E-mail: mumbai@linkintime.co.in

विजया बैंक VIJAYA BANK

(भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking)

प्रधान कार्यालय Head Office, No.41/2, एम जी रोड M.G. Road, बेंगलूर Bangalore - 560 001

फोन Phone: 080 - 2558 4066 [20 लाईनें lines] फैक्स Fax: 080 – 2559 8040

वेबसाईट Website : www.vijayabank.com

ई-मेल E-Mail : vijbank@vsnl.com

www.reportjunction.com

निष्पादन वैशिष्ट्य : 2008-09

पूंजी पर्याप्तता

- पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बेसल II) 13.15 प्रतिशत रहा जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्दिष्ट 9 प्रतिशत से अधिक है.

लाभ और लाभप्रदता

- परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष की 36 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए 898.91 करोड रहा.
- निवल लाभ रु.262.48 करोड रहा.
- गैर-ब्याज आय में वर्ष-दर-वर्ष की 31.35% वृद्धि के साथ रु.698.81 करोड तक की बढोत्तरी हुई.
- प्रति शेयर बही मूल्य 36.19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ पिछले वर्ष के अंत के रु.46.17 से बढकर रु.62.88 हो गया.
- जमा लागत में 43 बीपीएस की वृद्धि हुई तथा अग्रिम पर आय में 71 बीपीएस की वृद्धि हुई. परिणामस्वरूप निवल ब्याज आय रु.830 करोड से बढकर रु.1125 करोड हो गयी तथा निवल ब्याज मार्जिन 1.99% से 2.04% हो गया.
- कुशलता अनुपात 50.71% रहा.

कारोबार वृद्धि

- कुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष की 13 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए रु.90410 करोड रहा.
- प्रति शाखा कारोबार मार्च 2008 के रु.76 करोड से बढकर रु.82 करोड हो गया.
- उत्पादकता, "प्रति कर्मचारी कारोबार" के माप से 2008 के रु.7.33 करोड के मुकाबले रु.7.85 करोड हो गयी.
- कुल कारोबार 13.73% की वृद्धि के साथ रु.54535 करोड हो गया. औसत जमाओं में 23.86 प्रतिशत की अधिक वृद्धि देखी गयी और यह रु.50283 करोड हो गया.
- सकल अग्रिम रु.35874.63 करोड हो गया. औसत सकल ऋण में 32.56 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देखी गयी जिससे वर्ष के दौरान ऋणों में संतुलित वृद्धि का पता चलता है.
- बैंक ने भा.रि.बैं. के मार्गनिर्देशों के अधीन 9652 भारग्रस्त खातों (रु.974.32 करोड) की पुनर्संरचना की तथा इसके अलावा जून 2009 से पहले 11242 आवेदन (रु.1859.60 करोड) पुनर्संरचना हेतु देय है.

प्राथमिकता क्षेत्र ऋण

- प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम 16.59 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए रु.13450 करोड रहे.
- प्राथमिकता क्षेत्र ऋण 40 प्रतिशत के मानदंड की तुलना में समायोजित निवल बैंक ऋण का 42 प्रतिशत रहा.
- कृषि अग्रिम 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए रु.4494 करोड रहा.
- एमएसएमई वर्गों को अग्रिम 31.26 प्रतिशत वृद्धि के साथ रु.4552 करोड रहा.
- कमज़ोर वर्गों को अग्रिम बढकर रु.3045 करोड हो गया जो एएनबीसी का 9.5 प्रतिशत है.
- शिक्षा ऋण संविभाग में वर्ष-दर-वर्ष की 39 प्रतिशत वृद्धि हुई तथा बकाया रु.431 करोड रहा जिसमें 24550 खातों को प्रावरित किया गया.
- 2008-09 के दौरान जोडे गए स्वयं सहायता समूहों की संख्या 18120 तक पहुंच गयी जिसमें रु.144 करोड का संवितरण किया गया (बैंक द्वारा अब तक संचयी तौर पर 74014 एसएचजी का वित्तीयन किया गया है).

कंप्यूटरीकरण

- वर्ष के दौरान बैंक ने 100 प्रतिशत सीबीएस की विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त की.
- 92 नए एटीएम लगाए गए जिससे एटीएम की कुल संख्या 364 हो गयी.
- बैंक के ग्राहकों को 34 सार्वजनिक/निजी क्षेत्र बैंकों के 31000 से अधिक के एटीएम की सुविधा नैशनल फैनंशियल स्विच के ज़रिए उपलब्ध है जिसका विजया बैंक एक सदस्य है.

कार्ड कारोबार

- 2008-09 के दौरान 309831 डेबिट/एटीएम कार्ड जारी किए गए जिससे जारी किए गए डेबिट कार्डों की संख्या 705884 हो गयी.

शाखा विस्तार

- 50 नयी शाखाएं खोली गयी जिससे शाखाओं की कुल संख्या 1101 तक पहुंच गयी.

www.sansco.net & --- www.reportjunction.com

प्रगति की एक झलक

(रु.करोडों में)

मानदंड	2006-07	2007-08	2008-09
शाखाओं की संख्या	978	1051	**1101**
पूंजी			
- इक्विटी	433.52	433.52	**433.52**
- शाश्वत गैर संचयी अधिमानी शेयर	-	-	**500.00**
आरक्षिति और अधिशेष	1463	2026	**2216**
पूंजी पर्याप्तता अनुपात (प्रतिशत)			
बेसल I	11.21	11.22	**13.08**
बेसल II	--	11.27	**13.15**
सकल लाभ	696	661	**899**
निवल लाभ	331	361	**262**
कुल जमाराशियाँ	37605	47952	**54535**
औसत कुल जमाराशियाँ	30391	40596	**50283**
प्रतिशत वृद्धि	20.46	33.58	**23.86**
सकल अग्रिम	24644	32019	**35875**
औसत सकल अग्रिम	19172	26057	**34540**
प्रतिशत वृद्धि	25.87	35.91	**32.56**
कुल कारोबार	62248	79971	**90410**
प्रतिशत वृद्धि	39.00	28.47	**13.05**
निवेश	12018	16617	**17388**
प्राथमिकता क्षेत्र को अग्रिम	9957	11536	**13450**
निवल ऋण के प्रति प्रतिशत/एएनबीसी	40.80	46.81	**42.00**
कुल स्टाफ	11330	11439	**11975**
प्रति कर्मचारी कारोबार	5.78	7.33	**7.85**
सीबीएस शाखाओं की सं.	432	739	**1101**

www.reportjunction.com

www.reportjunction.com

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

प्रिय शेयरधारक,

मैं सहर्ष, 31 मार्च 2009 को समाप्त वर्ष के लिए आपके बैंक के कार्यकारी परिणाम आपके साथ बांटना चाहता हूँ, वैश्विक वित्तीय संकट तथा आर्थिक मंदी के कारण चुनौतीपूर्ण वर्ष से गुज़रने के बावजूद, आपके बैंक को मिश्रित परिणामों के साथ इन चुनौतियों का सामना करना पडा. शुरू में मैं, आपमें से, हर एक को आपके समर्थन तथा सहयोग के लिए तहे दिल से धन्यवाद देना चाहता हूँ जिसके बिना आपका बैंक इन कठिनाइयों का सामना नहीं कर पाता. जैसा कि आपको मालूम है, हमारी संभव्य अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, वित्तीय वर्ष 2009-10 में आप सबसे और अधिक सहयोग की आवश्यकता होगी.

वर्ष 2008-09 में आपके बैंक ने कई सकारात्मक परिणाम हासिल किए. उनमें से प्रमुख हैं 100% कार्य क्षेत्र को कोर बैंकिंग समाधान के अधीन लाना. इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने से आपका बैंक कुछ चुनिंदा सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों में से एक है. इस प्रकार की प्रतिस्पर्धात्मक उपलब्धि हमारे आकार को बढाने तथा समान्यतया सभी वर्गों में, विशेषकर खुदरा क्षेत्रों में हमारे परिचालनों को बढाने हेतु अनेक अवसर प्रदान करती है.

हमारे निष्पादन में दूसरी विशिष्ट उपलब्धि है हमारे निवल ब्याज आय में निरंतर वृद्धि – उधार देने तथा जमाराशि लेने का हमारा मूल कारोबार उच्चतर लाभप्रदता के साथ किए जाने का घोतक है. आपको याद होगा कि आपके बैंक में पिछले वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में निवल ब्याज आय में एकदम गिरावट आई जिससे बैंक कुछ हद तक डगमगाया. सभी स्तरों में सतत प्रयास के कारण दूसरी तिमाही से आपका बैंक निवल ब्याज आय में निरंतर वृद्धि कर पाया.

निवल ब्याज आय में निरंतर वृद्धि के कारण, वित्तीय वर्ष के दौरान परिचालनात्मक लाभ में ज़बरदस्त वृद्धि देखी गई, जो वर्ष दर वर्ष 36 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करते हुए रु.898.91 करोड हो गई.

बैंक के निवल ब्याज मार्जिन के प्रगामी सुधार में मज़बूत निवल ब्याज आय देखी गई. 31 मार्च 2009 को समाप्त वर्ष के लिए आपके बैंक ने जमाराशि की लागत पर 43 बीपीएस वृद्धि की तुलना में अग्रिमों पर प्रतिफल में 71 बीपीएस वृद्धि दर्ज की जिससे मार्जिन में सुधार हुआ. तथापि हमें अच्छी तरह मालूम है कि इन क्षेत्रों में हमें और सुधार करने की आवश्यकता है.

मैं आपको यह भी सूचित करना चाहता हूँ कि आपके बैंक में पूंजी के लिए अब कोई बाधा नहीं है. पिछली तिमाही के दौरान भारत सरकार से गैर-संचयी अधिमानी शेयर के रूप रु.500 करोड का पूंजी समर्थन हमारे बैंक को प्राप्त हुआ है. वर्ष 2009-10 के दौरान आपके बैंक को रु.700 करोड.की अतिरिक्त पूंजी समर्थन प्राप्त होने की आशा है. इसी के साथ आस्ति आधार में अच्छी प्रगति हासिल करने हेतु अब पर्याप्त गुंजाइश है. यथा मार्च 2009 को आपके बैंक का टियर I अनुपात न्यूनतम 6% की तुलना में 7.74% रहा तथा सीआरएआर (बेसल II) 9% के मानदंड की तुलना में 13.15% रहा.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने पचास और शाखाओं को जोडा जिससे यथा मार्च 2009 को 28 राज्य तथा 4 संघ शासित प्रदेशों में बैंक की कुल 1101 शाखाएँ हो गई हैं. वर्ष 2008-09 के दौरान 92 एटीएम को परिचालनात्मक बनाया गया जिससे एटीएम की कुल संख्या 364 हो गई है. इसके साथ आपके बैंक के ग्राहकों को नैशनल फाइनैन्शियल स्विच के अधीन जोडे गए 31000 से अधिक के एटीएम तक पहुँच है.

कारोबार के क्षेत्र में आपके बैंक ने 13% की अभिभूत वृद्धि दर्ज की जिसका मुख्य कारण, अन्य बातों के साथ-साथ परिचालन वातावरण तथा उच्च आधार का प्रभाव रहा. आपको याद होगा कि पिछली दो वित्तीय वर्षों के दौरान हमने अपने समग्र कारोबार में हर वर्ष रु.[illegible]000 करोड.से अधि[illegible] की राशि को जोडा था. इस बार [illegible]प्रदता पहलुओं को ध्यान में रखते हुए हमारी रणनीति में प्रमुख था पुन:संतुलन.

31 मार्च 2009 को बैंक का कुल कारोबार रु.90410 करोड रहा जिसमें रु.54535 की जमाराशियाँ तथा रु.35875 करोड के अग्रिम रहे. ऋण-जमा अनुपात 65.8% रहा जो कि बाज़ार की मंदी को देखते हुए काफी अच्छा रहा. वर्ष के अंत में आपके बैंक में कासा (CASA) का प्रतिशत 24% रहा जो अपेक्षित स्तर से कम है तथा यह मुख्यत: चालू खाते जमाराशियों की गिरावट के कारण है. हम कुछ नवोन्मेष की ओर चल रहे हैं जिसमें मिशन एनआरआई जमाराशि तथा एक नवोन्मेष प्रोत्साहन योजना है, जो हमारी कासा (CASA) जमाराशियों की बढोतरी में आवश्यक पूर्ति करेगी.

अग्रिमों में, प्राथमिकता क्षेत्र को अग्रिम में रु.13450 करोड.दर्ज करते हुए 17% की वृद्धि हुई, जो समायोजित निवल बैंक ऋण के 40% मानदंड के प्रति 42% बनता है. कृषि ऋण में 41% की वृद्धि दर्ज की गयी जबकि एमएसएमई क्षेत्र के अग्रिम 31% वृद्धि के साथ रु.4552 करोड.रहा. कमज़ोर वर्गों को अग्रिम समयोजित निवल बैंक ऋण के 10% मानदंड से थोडा कम 9.51%

www.reportjunction.com

www.sansco.net & www.reportinnation.com

रहा. महिला ग्राहकों को ऋण समायोजित निवल बैंक ऋण का 6.41% (5% मानदंड की तुलना में) रहा जबकि शैक्षिक ऋण 39% वृद्धि हासिल कर रु.431 करोड हो गया.

प्रौद्योगिकी की अपनी एक अलग पहचान है, तथा आपके बैंक में इस श्रृंखला में कई नवोन्मेष किए गए जिसका अंतिम परिणाम रहा है 100% सीबीएस तथा उससे जुडे लाभ. वैकल्पिक सुपुर्दगी चैनलों पर ज़ोर दिया गया है जिससे इंटरनेट बैंकिंग के प्रयोग में बडी वृद्धि हासिल की गयी तथा बैंक के एटीएम में हिटों में काफ़ी सुधार हुआ. डेबिट कार्ड की संख्या में भी मार्च 2008 के 3.95 लाख से मार्च 2009 में 7.06 लाख तक की बढोतरी हुई. वर्ष के दौरान कई नवोन्मेष उत्पाद का प्रवर्तन किया गया जैसे डेबिट कार्ड आधारित खरीदों पर कैश बैक ऑफर, इंटरनेट बैंकिंग ग्राहकों के लिए एसएमएस अलर्ट, तथा वित्तीय समावेशन के अधीन सूचना प्रौद्योगिकी आधारित स्मार्ट कार्ड (विजया विकास). प्रौद्योगिकी के सहारे बैंक के संविभाग पर बेहतर पर्यवेक्षण व नियंत्रण किया जा सकता है विशेषकर कमज़ोर पड रही ऋण आस्तियों के संबंध में समय रहते संकेत मिल जाता है.

आर्थिक मंदी के बाद सरकार द्वारा कुछ प्रेरणात्मक उपाय घोषित किए गए तथा बैंक ने ऋण पुनर्रचना कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया. कुल मिलाकर 9652 दबावग्रस्त खातों की पुनर्रचना की गयी जिसमें रु.974 करोड के आवास, औद्योगिक तथा एमएसएमई ऋण शामिल है. जून 2009 तक रु.1860 करोड बही शेषवाले 11242 खातों की पुनर्रचना करने का बैंक का प्रस्ताव है.

वर्ष 2008-09 के दौरान आपके बैंक की बहुत बडी चुनौती रही फिसलन प्रबंधन, अन्य बातों के साथ-साथ इसका कारण रहा मंदी जिसने उद्योग, सेवा तथा निर्यात क्षेत्रों को एक समान प्रभावित किया. परिणाम स्वरूप सकल एनपीए अनुपात तथा निवल एनपीए अनुपात बढकर क्रमश: 1.95% व 0.82% हो गया. परिचालन लाभ में भारी वृद्धि के बावजूद फिसलन तथा अन्य प्रावधानों का बैंक के निम्नतर आधार पर प्रभाव पडा. जहाँ वर्ष के लिए परिचालन लाभ में 36% वृद्धि हुई वहीं निवल लाभ में 27% गिरावट भी आई जिसका कारण रहा गैर निष्पादक आस्तियों के लिए प्रावधान (रु.134 करोड.), कर के लिए (रु.279 करोड.) कर्मचारी हित के लिए (रु.106 करोड.) तथा वेतन संशोधन के लिए प्रावधान रु.60 करोड. औसत आस्तियों पर मापी गयी लाभप्रदता 0.59% रही.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने नई प्रक्रियाओं तथा उत्पादों के ज़रिए अपनी सहायक सेवाओं को मज़बूत करने का प्रयास किया है. इनमें से कुछ हैं शाखाओं को बैक आफ़ीस समर्थन देने के लिए चुनिंदा क्षेत्रों में 5 शाखा सेवा केन्द्र, आकर्षक सुविधाओं के साथ वी-पेरोल एक नये उत्पाद का प्रवर्तन, जिसपर मौजूदा तथा भावी ग्राहकों से अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई. आपके बैंक ने एकीकृत जोखिम तथा खज़ाना प्रबंधन प्रणालियों के कार्यान्वयन में स्थाई प्रगति की है जो अस्थिर कारोबार वातावरण में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए अत्यावश्यक है. मानव संसाधन के क्षेत्र में एक प्रगामी पदोन्नति तथा तैनाती नीति तैयार करने के साथ-साथ हमने विभिन्न स्तरों में विशेषीकृत प्रतिभा की भर्ती भी जारी है.

आपका बैंक चालू वर्ष के लिए रु.1,12,000 करोड. के लक्षित कारोबार वृद्धि हासिल करने के क्षेत्र में कार्यरत है. इसके लिये हमारा ध्यान केन्द्रित है कासा (CASA) क्षेत्र में तथा इसे प्राप्त करने के लिए हमने चुनिंदा क्षेत्रों में एनआरआई जमाराशि के लिए मिशन का प्रवर्तन किया है. वैकल्पिक सुपुर्दगी चैनलों के अधीन तथा आईटी संबंधित क्षेत्र जैसे मोबाईल बैंकिंग, ऑनलाईन ट्रेडिंग पोर्टाल, ई-टिकटिंग व कई नवोन्मेष शुरू करने की बैंक की योजना है. मुझे पूरा विश्वास है कि आपके सतत समर्थन तथा मार्गदर्शन से बैंक इन महत्वकांक्षी लक्ष्यों को हासिल करेगा.

शुभकामनाओं सहित.

आपका,
आल्बर्ट तावरो
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

www.reportjunction.com

www.sansco.net --- --- & --- --- www.reportjunction.com

विजया बैंक

प्रधान कार्यालय : बेंगलूर – 560 001

सूचना

यह नोटिस दिया जाता है कि विजया बैंक (शेयर व बैठक) विनियामली के 2003 नियम 56 के अंतर्गत विजया बैंक के शेयरधारकों की नौवीं वार्षिक सामान्य बैठक, **शुक्रवार, 10 जुलाई, 2009 को प्रात: 10.15 बजे** मुल्की सुंदर राम शेट्टी सभागृह, विजया बैंक, एम.जी.रोड, बेंगलूर – 560 001 में आयोजित की जाएगी जिसमें नीचे उल्लिखित कारोबार किया जाएगा :

मद सं. 1 : 31.03.2009 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि लेखा एवं 31 मार्च, 2009 तक के बैंक के तुलन-पत्र, लेखों से संबंधित अवधि के लिए बैंक के कामकाज और गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करना, अनुमोदित करना तथा अंगीकार करना.

मद सं. 2 : वित्तीय वर्ष 2008-09 के लिए बैंक के शेयरों पर लाभांश की घोषणा.

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते विजया बैंक

स्थान : बेंगलूर
दिनांक : 29.05.2009

(के. गोपालकृष्णन नायर)
कंपनी सचिव

1. **प्रॉक्सी की नियुक्ति**

बैठक में भाग लेकर वोट देने के हकदार शेयरधारक, खुद के बजाय बैठक में भाग लेकर वोट देने के लिए किसी प्रॉक्सी को नियुक्त करने का भी हकदार है और ऐसे प्रॉक्सी को बैंक के शेयरधारक होने की ज़रूरत नहीं है. तथापि, ऐसी प्रॉक्सी को बैठक में बोलने का अधिकार नहीं है. विजया बैंक के किसी अधिकारी या कर्मचारी को प्रॉक्सी के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता. प्रॉक्सी फार्म तभी प्रभावी होगा जब उसे बैठक की तारीख से कम से कम 4 दिन पहले अर्थात् 2.00 बजे शनिवार, 4 जुलाई, 2009 को या उससे पहले यानी समापन घंटों तक या उससे पूर्व बैंक के प्रधान कार्यालय में कंपनी सचिव, विजया बैंक, मंडल सचिवालय, 41/2, एम.जी.रोड, बेंगलूर – 560 001 को जमा/प्रस्तुत किया गया हो.

2. **प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति**

कोई भी व्यक्ति, किसी ऐसी कंपनी या कंपनी निकाय को, जो बैंक का शेयरधारक हो, विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बैठक में भाग लेने या वोट देने का तब तक हकदार नहीं होगा जब तक कि विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में उसकी नियुक्ति करते हुए संकल्प की एक ऐसी प्रतिलिपि जिसे उस बैठक के अध्यक्ष ने, जिसमें उसे पारित किया गया हो, सत्य प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित किया हो, बैठक की तारीख से कम से कम 4 दिन पहले अर्थात् 2.00 बजे शनिवार, 4 जुलाई, 2009 को या उससे पहले यानी समापन घंटों तक या उससे पूर्व बैंक के प्रधान कार्यालय में कंपनी सचिव, विजया बैंक, मंडल सचिवालय, 41/2, एम.जी. रोड, बेंगलूर – 560 001 को जमा/प्रस्तुत किया गया हो.

3. **उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पर्ची**

शेयर धारकों की सुविधा के लिए इस नोटिस के साथ उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पर्ची संलग्न की गयी है. शेयर धारकों/प्रॉक्सी धारकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे संलग्न पर्ची भरें और उसमें निर्दिष्ट स्थान में अपने हस्ताक्षर कर उसे बैठक के स्थान में अभ्यर्पित करें. शेयर धारकों के प्रॉक्सी/प्राधिकृत प्रतिनिधि को चाहिए कि वह उपस्थिति-सह-प्रवेश पर्ची पर यह उल्लेख करें कि वह '**प्रॉक्सी**' है या '**प्राधिकृत प्रतिनिधि**'.

4. **शेयरधारकों का रजिस्टर बंद करना**

विजया बैंक के विनियम 2003 (शेयर व बैठक) के खंड 12 के अनुसार 9वीं वार्षिक सामान्य बैठक के संबंध में तथा अंतिम लाभांश पाने के लिए शेयरधारकों की पात्रता निर्धारण करने के संबंध में बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर और शेयर अंतरण पुस्तक सोमवार, 6 जुलाई 10, 2009 से शुक्रवार 10 जुलाई 2009 (दोनों दिनों सहित) बंद रहेगा.

5. **लाभांश का भुगतान**

बैंक की निदेशक मंडल की सिफारिश के अनुसार अगर कोई लाभांश वार्षिक सामान्य बैठक में घोषित किया गया हो तो घोषणा के 30 दिनों के अंदर उन सभी को लाभांश अदा किया जाएगा जो बैंक के सदस्यों के रजिस्टर में पंजीकृत है :

क) जो एनएसडीएल तथा सीडीएसएल से अमूर्त रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में 4 जुलाई, 2009 को कारोबार घंटों की समाप्ति पर प्रस्तुत की गयी सूची के अनुसार हितकारी मालिक है.

ख) जो 10 जुलाई, 2009 को बैंक के सदस्यों के रजिस्टर में पंजीकृत शेयरधारक है.

www.reportjunction.com

www.sansco.net --- --- & --- --- www.reportjunction.com

ऐसे शेयरधारकों को लाभांश वारंट डाक द्वारा या ईसीएस या अन्य अनुमोदित इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के ज़रिए शेयर अंतरण एजेंट अर्थात मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई के माध्यम से घोषणा के 30 दिनों के अंदर अर्थात 10 अगस्त, 2009 के अंदर भेजा/जमा किया जाएगा.

6. लाभांश वारंट/इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (जमा समाशोधन) में बैंक खाते के विवरण – (ईसीएस) :

बैंक समेत सभी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए लाभांश का वितरण करते समय शेयरधारकों द्वारा प्रस्तुत बैंक खाते के विवरण लाभांश वारंट पर दर्शाना तथा जहां कहीं उपलब्ध हो ईसीएस के प्रयोग को सेबी ने अनिवार्य किया है. कुछ केंद्रों में ईसीएस सुविधा की अनुपस्थिति में तथा शेयरधारकों द्वारा इस प्रकार की सुविधा न लिए जाने की स्थिति में बैंक अपने पास उपलब्ध बैंक विवरण लाभांश वारंटों पर मुद्रित करेगा.

मूर्त रूप में शेयर रखनेवाले शेयरधारक अपने बैंक अधिदेश के विवरण विजया बैंक, प्रधान कार्यालय, बेंगलूर में स्थित शेयर प्रभाग तथा निवेशक शिकायत कक्ष को या हमारे शेयर अंतरण एजेंट मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई को अपने अभिलेखों को अद्यतित करने के लिए प्रेषित करें.

शेयरधारक जो अमूर्त रूप में अपने शेयर रखते हैं अपने निक्षेपागार प्रतिभागी के साथ संपर्क करें ताकि आवश्यक कार्रवाई हो सके. वार्षिक रिपोर्ट में ईसीएस/बैंक अधिदेश का प्रपत्र संलग्न है.

7. दावा नहीं किया गया लाभांश, अगर कोई हो तो

पिछली अवधियों के लिए जिन शेयरधारकों ने लाभांश वारंट प्राप्त नहीं किया है/भुनाया नहीं है, अगर कोई हो तो, उनसे अनुरोध है कि बैंक के शेयर अंतरण एजेंट से संपर्क करें ताकि अनुलिपि वारंट/तारीखों का पुनर्मूल्यांकन किया जा सके.

घोषणा की दिनांक से 30 दिनों की समाप्ति के बाद 7 दिनों के अंदर यदि किसी शेयरधारक ने लाभांश भुनाया/का दावा न किया हो तो बैंक लाभांश खाते से ऐसी राशि का एक अलग खाते "..... वर्ष के लिए विजया बैंक का अदत्त लाभांश खाता" में अंतरण कर दिया जाएगा.

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 की नयी धारा 10(ख) के अनुसार 7 वर्षों तक अदत्त या दावा रहित लाभांश की राशि को कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 205 (ग) के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा संस्थापित निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में अंतरित किया जाएगा तथा इसके बाद न बैंक या आईईपीएफ से इसकी अदायगी का दावा किया जा सकता है.

8. तुलन पत्र की प्रतियां

शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां सामान्य बैठक में वितरित नहीं की जाएगी अत: शेयरधारकों से अनुरोध है कि वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां साथ में लाएं जो बैंक द्वारा उनके पंजीकृत पतों पर डाक द्वारा भेजी जाती है.

9. शेयरों का अमूर्तीकरण

उन शेयरधारकों से जिनके शेयर प्रमाणपत्र मूर्त रूप में है, अनुरोध है कि अपने शेयरों का अमूर्तीकरण करवा लें, चूंकि सेबी ने बैंक का नाम अनिवार्य रूप से अमूर्त रूप में शेयरों का व्यापार करने वालों की सूची में जोडा है.

10. <u>पते में परिवर्तन अधिसूचित करना</u>

शेयरधारकों से अनुरोध है कि पते में परिवर्तन/बैंक खाते में परिवर्तन हो तो तत्काल निम्न को अधिसूचित करें :

क) अमूर्त रूप में धारित शेयरों के संबंध में अपने संबंधित निक्षेपागार प्रतिभागी.

ख) मूर्त रूप में धारित शेयरों के संबंध में शेयर अंतरण एजेंट मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, यूनिट : विजया बैंक, सी-13, पन्नालाल सिल्क मिल्स कांपाउंड, एलबीएस रोड, भंडुप (प), मुंबई - 400 078 को.

11. फोलियो का समेकन

शेयरधारक जो समान नाम या संयुक्त नाम पर अलग-अलग फोलियो में मूर्त रूप में शेयर धारित करते हैं उनसे अनुरोध है कि उसी नाम क्रम में शेयर प्रमाणपत्र बैंक के शेयर अंतरण एजेंट मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुबंई को भेजें ताकि एक ही फोलियो के रूप में समेकन हो सके.

12. स्थिति में परिवर्तन का अभिलेखन

अनिवासी भारतीय शेयरधारकों से अनुरोध है कि बैंक के शेयर अंतरण एजेंट मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई को तत्काल निम्न सूचना दें :

क) स्थाई निवास के लिए भारत लौटते समय निवासीय स्थिति में परिवर्तन.

ख) भारत में स्थित बैंक खाते के विवरण जैसे पूरा नाम, शाखा, खाते का प्रकार तथा खाते की संख्या और पिन सहित बैंक का पता, अगर पहले नहीं दिया हो तो.

13. अन्य सूचना

शेयरधारक कृपया नोट करें कि बैठक में किसी भी प्रकार का उपहार/कूपन वितरित नहीं किया जाएगा.

www.reportjunction.com

14. वित्तीय कैलेंडर

विवरण	दिनांक
मंडल की बैठक के बारे में स्टॉक एक्सचेंज को सूचना	18.04.2009 (शनिवार)
लेखों के अनुमोदनार्थ तथा लाभांश की सिफारिश हेतु मंडल की बैठक	28.04.2009 (मंगलवार)
भारतीय रिज़र्व बैंक को लेखों का प्रस्तुतीकरण (30.06.2009 से पहले)	30.05.2009 (शनिवार)
वार्षिक सामान्य बैठक सूचना	29.05.2009 (शुक्रवार)
समाचार पत्रों में वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना प्रकाशित करना (वार्षिक सामान्य बैठक से 21 दिनों से पहले तथा पुस्तक बंद करने से 7 दिनों पहले - एल.ए.खंड 16)	30.05.2009 (शनिवार)
स्टॉक एक्सचेंज को पुस्तक बंद करने की सूचना देना (पुस्तक बंद करने से कम से कम 15 दिनों पहले - एल.ए.खंड 16)	29.05.2009 (शुक्रवार)
शेयरधारकों को वार्षिक रिपोर्ट का प्रेषण (सूचना कम से कम बैठक से 21 दिनों पहले प्रेषित की जाएगी)	08.06.2009 (सोमवार) से 10.06.2009 (बुधवार)
लाभांश भुगतान के उद्देश्य से पुस्तक बंद करना	06.07.2009 (सोमवार) से 10.07.2009 (शुक्रवार)
प्रॉक्सी फार्म प्राप्त करने की अंतिम तारीख (बैठक दिनांक से 4 दिनों पहले)	04.07.2009 (शनिवार)
खातों के अनुमोदन, वर्ष 2008-09 के लिए लाभांश की घोषणा हेतु वार्षिक सामान्य बैठक की दिनांक (भा.रि.बैं. को खातों की प्रस्तुति दिनांक से 42 दिनों के अंदर वार्षिक सामान्य बैठक आयोजित की जानी चाहिए)	**10 जुलाई 2009 (शुक्रवार) को प्रात: 10.15 बजे**

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते **विजया बैंक**

स्थान : बेंगलूर
दिनांक : 29.05.2009

(के. गोपालकृष्णन नायर)
कंपनी सचिव